>

Title: Need to conduct a CBI enquiry into land acquisition by Uttar Pradesh Government and amend the Land Acquisition Act.

**डॉ. संजय सिंह (सुल्तानपुर):** माननीय महोदय, मैं आपका आभारी हूं। मैं जिस मुद्दे पर आपके माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं, यह मसला कई बार किसी न किसी रूप में उठा, लेकिन अभी भी इसका कोई सकारात्मक परिणाम उत्तर प्रदेश की जनता को मिले, ऐसी कोई बात दिखती नहीं है।

देश के बहुत सारे उद्योगपति, जो कि स्वार्थी हैं और नियम और कानून को धता बताने की अक्ल रखते हैं। ऐसे व्यापारियों को गरीबों को सताने के बहुत सारे रास्ते मिल जाते हैं। लेकिन दुखद यह है कि कभी-कभी प्रदेश सरकार भी उसमें उनकी मदद कर देती है। उत्तर प्रदेश सरकार ने भूमि अधिग्रहण के मामले में न केवल एक *â€¦** की भूमिका निभाई, बल्कि एक *â€¦** का भी समय-समय पर काम किया। जमीन का अधिग्रहण चाहे वह सड़क निर्माण के लिए हो, अस्पताल के लिए हो, स्कूल आदि के लिए हो...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Unparliamentary words will not go on record.

...(*Interruptions*)

**डॉ. संजय सिंह :** रेलवे लाइन के लिए हो और विकास के लिए अगर हो, तब तो बात समझ में आती है, लेकिन बहुत सारे बिल्डरों को औने-पौने दाम में जमीन दिलाकर उद्योगपति उस जमीन से करोड़ों रुपया कमाये, ऐसा मौका देती है, यह बात जमती नहीं। ...(व्यवधान)

**श्री दारा सिंह चौहान (घोसी):** उत्तर प्रदेश में भूमि अधिग्रहण कानून है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Please allow him to conclude.

...(*Interruptions*)

**डॉ. संजय सिंह :** हमारी बातें आप सुन लें। उसके बाद अगर आपको कुछ कहना है तो आप जरूर कहें। मैं यह चाहता हूं कि कई बार इस तरह से जमीनें खरीदी जाती हैं और करोड़ों रुपये उसमें कमाये जाते हैं। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि कोई भी आदमी बता सकता है कि ये जमीनें बिल्डरों के लिए खरीद कर दी गई। अगर उससे पैसे बनाने की बात बने तो यह बात जमती नहीं है।

मैं आपसे सदन के माध्यम से यही निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार इस भूमि अधिग्रहण कानून को, जिसमें नियम बदलने की बात चल रही है, वह जल्दी हो। मैं चाहता हूं कि इसमें सी.बी.आई. की जांच भी हो और बहुत सारे अधिकारी-कर्मचारी, जो पैसे बना रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई हो।

**श्री दारा सिंह चौहान :** मैं चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश सरकार की बात सैण्ट्रल गवर्नमेंट मान ले तो यह सारा मामला ठीक हो जायेगा।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Next is Shri Jagdanand Singh. You have two minutes to speak as we are going to adjourn.

...(*Interruptions*)